तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 1 मार्च 2025

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

14 89वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती पर चैतन्य झांकी और बाइक रैली...

12 इस साल भी लगेगा महंगी बिजली का झटका...



खबर संक्षेप

खनिजों के अवैध परिवहन पर कार्रवाई करें : कलेक्टर

बालोद। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने 27 फरवरी को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित खनिज टास्क फोर्स की बैठक में खनिज विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने वित्तीय वर्ष 2024–25 में राजस्व प्राप्ति के कुल लक्ष्य के विरूद्ध प्राप्त कुल राजस्व के अलावा जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई एवं राशि की वसूली आदि के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा खनिज विभाग द्वारा जारी किए गए कुल रॉयल्टी चुकता प्रमाण पत्र आदि के संबंध में जानकारी ली। श्री चन्द्रवाल ने जिले में खनिज पदार्थों के अवैध परिवहन एवं भण्डारण करने के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

ठेठवार यादव समाज की बैठक 2 को

बालोद। ठेठवार यादव समाज बालोद राज की बैठक 2 मार्च को 11.30 बजे से ठेठवार भवन गंजपारा बालोद में रखी गई है। बैठक में मंडल अध्यक्ष, नवनिर्वाचित अपने ग्राम प्रमुखों की सूची लेकर आएंगे तथा बालोद राज में त्रिवर्षीय कार्यकाल के लिए आगामी चुनाव पर चर्चा, सुझाव एवं नीति निर्धारण किया जाएगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी बलदेव यादव एवं कार्यालय सचिव जयप्रकाश यादव ने दी।

जिले के 2 पूर्व पार्षद कांग्रेस से निष्कासित

बेमेतरा। शहर कांग्रेस के 2 पूर्व पार्षदों को पार्टी ने 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा की अनुशंसा पर नगरीय निकाय चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने और पार्टी की छवि धूमिल कर अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ निर्दलीय प्रत्याशी के रूप मे चुनाव लड़ने वालों पर कार्रवाई की गई है। दोनों निष्कासित पूर्व पार्षद घनश्याम देवांगन एवं लक्ष्मी नेतराम कोशले है। ज्ञात हो कि घनश्याम देवांगन ने विगत निकाय चुनाव में बेमेतरा नगर पालिका से अध्यक्ष के लिए निर्दलीय चुनाव लड़ा था।

अभियान : सामूहिक दवा सेवन अभियान कल तक बूथ में

जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर के स्वामी आत्मानंद बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी द्वारा बच्चों को दवाई खिलाकर फाईलेरिया उन्मुलन कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें छ.ग. रायपुर के निर्देशानुसार भारत सरकार द्वारा वर्ष 2027 तक देश के सभी प्रदेशों को फाइलेरिया मुक्त किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। फाइलेरिया उन्मूलन गतिविधियों में सामूहिक दवा सेवन अभियान 27 से 2 मार्च को बूथ में तथा 3 से 10 मार्च को घर–घर भ्रमण द्वारा एवं 11 से 13 मार्च तक मॉप–अप राउण्ड में (सामूहिक दवा सेवन अभियान एवं कृमि मुक्ति कार्यक्रम) सम्पादित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नव निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, पार्षद दीपक लोढा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमके. सूर्यवंशी, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.जीआर. रावटे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जितेन्द्र सिंह, जिला क्षय अधिकारी डॉ. संजीव ग्लेड, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा, प्राचार्य अरूण कुमार साहू, सहायक नोडल अधिकारी आरकें.सोनबोईर, जिला सलाहकार डॉ सूर्यकांत साहू, जिला सलाहकार डॉ. अरविंद मिश्रा, समस्त सुपरवाईजर, एएनएम एवं पीसीआई दीपक सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर बालोद जिला के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमके सूर्यवंशी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जिले के कुल 924348 लाभार्थियों को फाइलेरिया से सुरक्षित रखने के लिए फाइलेरिया रोधी दवाओं की निर्धारित खुराक, प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बूथ में और घर–घर जाकर, अपने सामने खिलाई जाएगी।

100 हाइड्रोसिल रोगियों को चिन्हित कर 47 का हुआ आपरेशन

कार्यक्रम में उपस्थित कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा ने बताया कि जिले में अब तक 68 पुरानें एवं 32 इस साल कुल 100 हाइड्रोसिल रोगियों को चिन्हित किया गया है, जिसमें से इस साल 47 हाइड्रोसिल आपरेशन किया जा चुका है और इस सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम में जिले के 924348 लक्षित लाभार्थियों को 1712 स्वास्थ्य दल के माध्यम से बूथ में 27 फरवरी से 2 मार्च (4 दिवस) एवं 3 मार्च से 10 मार्च (8 दिवस) तक घर घर जाकर इन दवाओ का सेवन कराया जाएगा। माप–अप चक्र 11 मार्च से 13 मार्च (3 दिवस) तक छुटे हुये लोगों को दवाई सेवना कराया जाना है।

खाली पेट न करें दवा का सेवन

दवाओं का वितरण बिलकुल भी नहीं किया जायेगा। इन दवाओं का सेवन खाली पेट नहीं करना है। 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवाये नहीं खिलाई जाएगी। फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। हालांकि इन दवाओ का कोई विपरीत प्रभाव नहीं है, परंतु और अगर किसी को दवा खाने के बाद उल्टी, चक्कर, खुजली या जी मिचलाने जैसे लक्षण होते हैं तो यह इस बात का प्रतीक हैं कि उस व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के परजीवी मौजूद हैं, जोकि इन दवाओं के सेवन के उपरांत इन परजीवियों के मरने के कारण उत्पन्न होते हैं। सामान्यतः ये लक्षण स्वतः समाप्त हो जाते हैं, परंतु ऐसी किसी भी परिस्थिति के लिए प्रशिक्षित रैपिड रिस्पॉन्स टीम तैनात है और उन्हें तुरंत उपचार के लिए बुलाया जा सकता है।

बच्चों को खिलाई गई फाइलेरिया व एल्बेंडाजोल की खुराक

डौंडीलोहारा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित फाइलेरिया उन्मूलन के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी, बिहान, मितानिन आदि समूहों द्वारा शाला में शिक्षकों के सहयोग से फाइलेरिया और कृमि नाशक दवा सेवन कराया गया। सर्वप्रथम शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा दवा सेवन किया गया। तत्पश्चात बच्चों को ऊंचाई और उम्र के हिसाब दवा खिलायी गई। इस बीमारी से बचने के लिए सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करने घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है और दवा सेवन कराया जा रहा है, क्योंकि यह बीमारी अगर किसी को हो गयी तो उसका इलाज संभव नहीं है। साथ ही अन्य लोगों को भी फैलने का खतरा बना रहता है। शिक्षक खेमन्त साहू ने शिक्षकों और आम नागरिकों से अपील की कि शासन के महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग करते हुए लोग दवा सेवन करें और फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के रोकथाम में सहयोग करें। इस अवसर पर संस्था के प्रधानपाठक द्वय प्रेम सिंह कोलियारे, सुदामा गेंड्रे, शिक्षक लक्ष्मीकांत नेताम, केशव सिहारे खेमन्त साहू, हेमेंद्र साहू, टिकेश्वरी हरदेल, बरखा साहू एवं स्वास्थ्य विभाग से सी एच ओ जया ठाकुर, ए एन एम नम्रता खान, मितानिन विमला चंद्राकर, पुनिया साहू, श्याम बाई निर्मलकर, विहान समूह से मधु कोसमा, यशोदा रावटे, चंपा भुआर्य, रेखा पटेल आदि का सहयोग रहा।

शिवनंदन क्लब राजनांदगांव ने जीती स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खपरी कला में महाशिवरात्रि पर एक दिवसीय सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन वंदे मातरम क्रीडा मंडल द्वारा आयोजित किया गया।

इसमें पांच खिलाड़ी 38 किलोग्राम दो खिलाड़ी 40 किलोग्राम खेल में भाग लिए। प्रतियोगिता में बाहर से कुल 22 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें प्रथम पुरस्कार शिवनंदन क्लब राजनंदगांव, द्वितीय

- महाशिवरात्रि के मौके पर एक दिवसीय सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

वंदे मातरम खपरी कला, तृतीय जय दंतेश्वरी कुर्सीडिह, चतुर्थ स्पोर्ट क्लब ईरा राजनंदगांव रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा के नवनिर्वाचित सरपंच अनुसुइया नारायण साहू थी। अध्यक्षता दोहित निषाद पंच ने की। विशेष अतिथि पंच उमेश्वरी साहू, शतरूपाबाई साहू, उमेश्वरी साहू, खुलास यादव और पंच शांतिलाल साहू थे। कार्यक्रम का समापन पुनऊराम साहू समाज सेवी, चितरंजन साहू, रामसिंह साहू, विजय साहू, बलराम निषाद, अनिल यादव, घनश्याम निषाद, निर्भय राम साहू, राहुल साहू, गंगाराम ठाकुर, शत्रुहन निषाद, राकेश साहू, मुकेश साहू, योगेंद्र साहू आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता के निर्णायक इतवारी राम निषाद, सचिन साहू, राजू लाल साहू, सतीश निषाद थे। कार्यक्रम का संचालन नारायण साहू पूर्व सरपंच खपरी सिलोदा ने किया।

संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में प्रशिक्षण सह कार्यशाला

महिलाओं को कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के तहत संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आज प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधीनियम 2013 के संबंध में विस्तृत से जानकारी दी गई।

जिसके अंतर्गत प्रशिक्षण सह कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधीनियम 2013 के प्रावधानों के तहत प्रचार–प्रसार करने एवं प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित कर जागरूक करना है। कार्यशाला में शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय एवं वाणिज्यिक कार्यालय तथा उद्योगों में अधिनियम अंतर्गत 10 से अधिक कर्मचारियों की संख्या पर आंतरिक शिकायत समिति गठन के बारे में बताया गया। इसके अंतर्गत कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न के विरूद्व संरक्षण और लैंगिक उत्पीड़न के शिकायतों का निवारण और प्रतितोष के लिए तथा उससे सम्बद्व और आनुषंगिक विषयों के नियमन के लिए यह कानून 9 दिसंबर 2013 से लागू किया गया है।

ये रहे उपस्थित

कार्यशाला में जिला स्तरीय स्थानीय शिकायत समिति के अध्यक्ष शमशाद बेगम, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. किशन टण्डन क्रांति, अधिवक्ता सदस्य रीता पाण्डेय के अलावा महिला सेल प्रभारी सदस्य, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगरपालिका, नगरपंचायतों से महिला प्रतिनिधि उपस्थित थे।

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक

बालोद। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जिला पंचायत सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा बैठक ली। बैठक में डॉ. कन्नौजे ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पीएम आवास योजना लंबित कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में डॉ. कन्नौजे ने प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2016–23 तक स्वीकृत प्रथम किश्त प्राप्त अपूर्ण एवं निर्माणाधीन आवासों में प्रगति लाकर लंबित आवासो को एक साकारात्मक माहौल बनाकर यथाशीघ्र पूर्ण कराने कहा। बैठक में उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में जिले को प्रथम फेस में आबंटित लक्ष्य 13 हजार 783 के विरूद्ध में 10 हजार 079 आवास स्वीकृति एवं 9295 प्रथम किस्त अंतरण किया जा चुका है। उन्होंने निर्माणाधीन 8303 आवासों को शासन की मंशा अनुसार माह मार्च के अंतिम सप्ताह तक शत–प्रतिशत पूर्ण करने को कहा।

सीजी बोर्ड परीक्षा की होगी शुरूआत

12वीं के विद्यार्थियों का पहला पर्चा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में आज से बोर्ड परीक्षा की शुरूआत हो जाएगी। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के समय सारणी के अनुसार परीक्षा 01 मार्च से प्रारंभ हो रही है। जिसमें 12वीं के विद्यार्थियों का परीक्षा 1 मार्च से तो वहीं 10वीं के परीक्षार्थी 3 मार्च को अपना पहला पर्चा दिलाएंगे। जिले में कक्षा 12वीं के 8463 विद्यार्थी एवं कक्षा 10वीं के 11220 विद्यार्थी परीक्षा में बैठेंगे। जिसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा बोर्ड परीक्षा संचालन हेतु कुल 111 केंद्र बनाए गए हैं।

- 9 बजे से शुरु होगी परीक्षा

जिसमे परीक्षार्थी स्थान ग्रहण का समय प्रातः 9 बजे निर्धारित किया गया है। उत्तर पुस्तिका का वितरण 9:05 मिनट पर किया जाएगा। अध्ययन हेतु प्रश्न पत्र वितरण 9:10 बजे से दिया जाएगा। उत्तर लेखन हेतु कार्य प्रातः 9:15 से 12:15 मिनट तक निर्धारित की गई है।

माशिमं के अनुसार समय सारिणी

जिसमे 10 वीं की परीक्षा समय सारणी की बात करे तो 3 मार्च को हिन्दी, 5 मार्च को अंग्रेजी, 7 मार्च को गणित, 10 मार्च को विज्ञान, 12 मार्च को व्यावसायिक पाठ्यक्रम के तहत आर्गनॉइज्ड रिटेलिंग, इनफामेंशन टेक्नोलॉजी, ऑटोमोबाईल सर्विस टेक्नीशियन, हेल्थ केयर, एग्रीकल्चर, मिडिया एवं इंटरनेट, टेली कम्यूनिकेशन, बैंकिंग फाइनेंसियल सर्विसेस एण्ड इन्शुरेंस, ब्यूटी एण्ड वेलनेस, इलेक्ट्रानिक्स एण्ड हार्डवेयर मे से चयनित विशय की परीक्षा होगी। 17 मार्च को सामाजिक विज्ञान, 21 मार्च को संस्कृत, 24 मार्च को दृष्टिहीन छात्रे के लिए संगीत, एवं मूक तथा बधिर छात्रे के लिए ड्राई एंण्ड पेंटिंग की परीक्षा होगी। वही कक्षा 12 वीं मे का पहला पेपर 1 मार्च को हिन्दी, 4 मार्च को अंग्रेजी, 6 मार्च को इतिहास, 8 मार्च को संस्कृत, 11 मार्च को भूगोल, भौतिक शास्त्र, 12 मार्च को समाज शास्त्र, 18 मार्च को राजनिति विज्ञान, रसायन शास्त्र, लेखा शास्त्र, फसल उत्पादन एवं उद्यान शास्त्र, वस्तु चित्रण एवं आलेखन, शरीर क्रिया विज्ञान एवं प्राथमिक चिकित्सा की परीक्षा होगी।

22 मार्च को गणित, कम्प्यूटर एप्लीकेशन, भारतीय संगीत, चित्रकला, नृत्य कला, स्टेनो टायपिंग, कृशि, गृह विज्ञान, वाणिज्यिक गणित, औद्योगिक संगठन के मूल तत्व की परीक्षा होगी। 24 मार्च को जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र, पशुपालन, दुग्ध प्रौद्यौगिकी, मतस्य एवं कुक्कट पालन, भारतीय कला का इतिहास, विज्ञान के तत्व की परीक्षा होगी। 26 मार्च को रिटेल मार्केटिंग मैनेजमेट, इनफोमेशन टेक्नोलॉजी, ऑटोमोबाईल सर्विस टेक्निशियन, हेल्थ केयर, एग्रीकल्चर, मीडिया एण्ड इंटरनेट, टेलीकॅम्यूनिकेशन, बैंकिंग फाईनेंसियन सर्विसेस एण्ड इन्शुरेंस, ब्यूटी एण्ड वेलनेंश इलेक्ट्रानिक्स एण्ड हार्डवेयर की परीक्षा होगी। 28 मार्च मनोविज्ञान की परीक्षा होगी।

खबर संक्षेप

सुंदरनगर वृद्धाश्रम में मनाया महाशिवरात्रि पर्व

रायपुर। नारायणी साहित्यिक संस्थान एवं चरामेति फाउंडेशन ने सुंदरनगर स्थित प्रशामक देखरेख गृह वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धजनों के साथ महाशिवरात्रि महापर्व मनाया। इस मौके पर संस्थान के राजेंद्र ओझा ने बताया कि वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी वृद्धजनों के लिए मच्छरदानी प्रदान की गई। 'आश्रय लायंस वृद्धाश्रम' से आए प्रतिनिधि निरंजन एवं रामकृष्ण शर्मा को बेडशीट एवं पिलो कवर प्रदान किए। इसी दौरान हृषीक ओझा ने विवाह की वर्षगांठ पर फल भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में घनश्याम सराठे, कमलेश शर्मा, आईएसबीवी. श्रीनिवास राव, राजेंद्र जैन, संभव जैन, डॉ. मृणालिका ओझा, मुकेश शाह, रोशन बहादुर, भीम, नितिन जैन आदि उपस्थित थे।

शहीद और मृत पुलिसकर्मियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति

रायपुर। नक्सल हमले में शहीद तथा बीमारी की वजह से मृत होने वाले चार पुलिसकर्मियों के परिजनों को एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह ने गुरुवार को अपने कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति का प्रमाणपत्र सौंपा है। नियुक्ति पाने वालों में बीजापुर नक्सली हमले में शहीद भरतलाल साहू की पत्नी नंदेश्वरी साहू को एएसआई, रायपुर में पदस्थ एएसआई कैलाशनाथ शांडिल्य की बीमारी से मौत होने पर उनकी बेटी नेहा शांडिल्य को आरक्षक, एमटी पूल में प्रधान आरक्षक (चालक) अजय कुमार सोनी की बीमारी से मौत होने पर उनके बेटे मयंक को आरक्षक तथा आरक्षक मुकेश भंडारी की बीमारी से मौत होने पर उनकी पत्नी गंगोत्री को आरक्षक के पद पर नियुक्तिपत्र दिया गया है।

बोरवेल खनन के लिए रीटेंडर

रायपुर। नगर निगम के जल विभाग द्वारा गर्मी के सीजन में जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में 50 स्थानों पर बोरवेल खनन मांग के आधार पर कराया जायेगा। इसके लिए एजेंसी तय करने टेंडर किया गया। जिसमें सिंगल टेंडर आने से रीटेंडर किया जा रहा है। विभाग के अधिकारी ने बताया कि बोरवेल खनन के लिए नगर निगम के 10 जोनों के 70 वार्ड से प्रभावित इलाकों की सूची मंगाई गई थी। जोन कमिश्नरों से प्राप्त सूची के आधार पर बोरवेल खनन कराने का कार्य एजेंसी तय कर किया जायेगा।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सीएम साय ने दीं शुभकामनाएं

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल तकनीकी प्रगति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में तर्कसंगत और परिष्कृत सोच विकसित करने का आधार भी है।

सोलर पैनल से घरों में होने लगी रोशनी, बिजली बिल की भी बचत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सोलर पैनल लगाने से हर महीने बिजली बिल में बचत होते देख अब छत्तीसगढ़ में भी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरों में भी सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार राज्य में अभी तक करीब ढाई लाख लोग प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के पोर्टल में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी करा चुके हैं, जिनमें से लगभग 40 हजार लोगों ने घरों में सोलर पैनल लगाने के लिए आवेदन भी किए हैं। इनमें से एक हजार से अधिक लोगों के घरों में सोलर पैनल लग भी गए हैं। इससे उनके घरों में बिजली का उत्पादन भी होने लगा है, जिससे बिजली बिल में हर महीने अच्छी बचत भी होनी लगी है। यही कारण है कि सोलर पैनल को लेकर लोगों की सोच भी सकारात्मक हुई है, जिससे पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कराने वालों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है।

हरिभूमि सरोकार

- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत सोलर पैनल लगाने किए जा रहे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

फाइल फोटो

3 किलोवाट के सोलर पैनल से 360 यूनिट बिजली तैयार

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 3 किलोवाट का सोलर पैनल लगाकर उपभोक्ता हर महीने घर में ही 360 यूनिट बिजली तैयार कर रहे हैं, जिससे बिजली बिल में 20 हजार रुपए तक की बचत हो रही है। इस योजना का लाभ लेने के लिए रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों से आवेदन किए जा रहे हैं। इनमें नक्सल प्रभावित मोहला-मानपुर, सुकमा, नारायणपुर जैसे जिले भी शामिल हैं।

सब्सिडी के साथ बैंक लोन

इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने पर सब्सिडी के रूप में छूट भी दी जा रही है। उपभोक्ता को बैंक से दो लाख रुपए का लोन और 78 हजार रुपए की सब्सिडी भी मिल रही। सोलर पैनल की लाइफ 25 वर्ष की है। इस तरह उपभोक्ता को सोलर पैनल लगाने से 4 लाख 21 हजार 200 रुपए की बचत होगी।

दो साल में करीब डेढ़ लाख घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य

सूत्रों के अनुसार इस योजना के तहत प्रदेश में दो वर्ष में करीब डेढ़ लाख घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी जिलों में बिजली अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसके तहत लोगों को सोलर पैनल के फायदों के बारे में जागरूक भी किया जा रहा है।

जिलेवार रजिस्ट्रेशन की संख्या

रायपुर - 19886
कबीरधाम - 7964
जशपुर - 7442
कांकेर - 7868
खैरागढ़-छुईखदान-गंडई - 4652
कोंडागांव 4987,
सक्ति - 2512
सारंगगढ़- बिलाईगढ़ - 3961
सुकमा - 721
सूरजपुर - 5699,
सरगुजा - 6903
कोरबा - 9112
कोरिया - 2314
महासमुंद -19698
मनेंद्रगढ-चिरमिरी-भरतपुर 2961
मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी -3028
मुंगेली - 5329
नारायणपुर - 226
रायगढ़ - 8952
राजनांदगांव - 11093
दंतेवाड़ा - 292
धमतरी - 13165
दुर्ग - 17132
गरियाबंद - 4952
गौरेला-पेंड्रा मरवाही - 2917
जांजगीर चांपा - 6273

जनसुनवाई के बाद तय होगा नया टैरिफ

इस साल भी लगेगा महंगी बिजली का झटका

पॉवर कंपनी की 45 सौ करोड़ घाटे की याचिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को लगातार दूसरे साल भी महंगी बिजली का झटका लगने की पूरी संभावना है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग में नए सत्र के लिए जो याचिका लगाई है, उसमें 45 सौ करोड़ का घाटा बताते हुए इस घाटे को पूरा करने वाला नया टैरिफ लागू करने की मांग की है। अब आयोग पॉवर कंपनी का लेखा-जोखा देखने के बाद तय करेगा कि वास्तव में उनका कितना घाटा है। उसके हिसाब से ही नया टैरिफ तय होगा। नए टैरिफ से पहले जनसुनवाई भी होगी, लेकिन अभी जनसुनवाई की तारीख तय नहीं हुई है, क्योंकि इस समय आयोग में दो सदस्यों के पद खाली हैं। ऐसे में आयोग विधिक सलाह के बाद ही जनसुनवाई पर फैसला करेगा।

खास खबर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग को 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें 45 सौ करोड़ की कमी बताते हुए इसकी भरपाई की मांग रखी है। वैसे तो पॉवर कंपनी को नए सत्र में लगभग 15 सौ करोड़ का फायदा होने का अनुमान है, लेकिन पुराने 2023-24 के सत्र का 6130 करोड़ रुपए का अंतर है। इसमें 15 सौ करोड़ घटाने के बाद भी 45 सौ करोड़ की कमी आ रही है। इसको पूरा करने के लिए टैरिफ में इजाफा होगा। लेकिन यह इजाफा कितना होगा, इसको नियामक आयोग तय करेगा। पॉवर कंपनी ने 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें बताया गया है कि पॉवर कंपनी इस सत्र में 24 हजार 652 करोड़ की बिजली बेचेगी। इसके मुकाबले में पॉवर कंपनी का खर्च 23 हजार 82 करोड़ होगा। ऐसे में पॉवर कंपनी को 1570 करोड़ का फायदा होगा। लेकिन 2023-24 में पॉवर कंपनी को अनुमान से 6130 करोड़ रुपए कम पड़े। ऐसे में इस अंतर की राशि में 1570 करोड़ को घटाने के बाद 4560 करोड़ रुपए का अंतर आ रहा है। इस अंतर की राशि के लिए ही टैरिफ बढ़ाने की मांग है। लेकिन आयोग तय करेगा कि वास्तव में पॉवर कंपनी को कितने पैसों की जरूरत होगी। उसके हिसाब से टैरिफ तय होगा।

- अभी जनसुनवाई की तारीख तय नहीं
- नए सत्र में लगभग 15 सौ करोड़ का फायदा होने का अनुमान
- इस सत्र में 24 हजार 652 करोड़ की बिजली बेचेगी पॉवर कंपनी

आयोग में दो पद खाली

इस समय बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष के साथ रहने वाले दो सदस्यों पद खाली हैं। बिना कोरम के किसी भी तरह की सुनवाई नहीं हो सकती। एक सदस्य का कार्यकाल सितंबर 2023 में पूरा हो गया था। एक और सदस्य का कार्यकाल बीते साल जुलाई में पूरा हुआ है। अब तक दोनों पदों पर नई नियुक्ति नहीं हो सकी है। नई नियुक्ति के बाद ही टैरिफ पर जनसुनवाई और नए टैरिफ का फैसला हो पाएगा। प्रदेश के बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष हेमंत वर्मा के साथ पहले लीगल सदस्य के रूप में विनोद देशमुख और तकनीकी सदस्य के रूप में सीके गुप्ता काम कर रहे थे। इनका कार्यकाल अब समाप्त हो गया है।

दोपहर का तापमान रात से दोगुना ठंड और गर्मी दोनों का अहसास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण लोगों को अजीबो-गरीब मौसम का सामना करना पड़ रहा है। शहर का अधिकतम तापमान न्यूनतम तापमान से लगभग दोगुना है। इसके कारण लोगों को एक ही दिन में ठंड और गर्मी दोनों का अहसास हो रहा है। गुरुवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 35 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.3 डिग्री अधिक अर्थात 18.8 डिग्री रहा। माना में न्यूनतम तापमान 15.7 डिग्री दर्ज किया गया है। रात्रि में तापमान 16 डिग्री तक होने और दिन में तापमान 35 डिग्री होने के कारण लोगों को जहां रात में चादर का सहारा लेना पड़ रहा है तो वहीं दिन में पंखे चलाने पड़ रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, छग में अगले दो दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है। वृद्धि पश्चात रात्रि और सुबह महसूस होने वाली ठंड का अहसास खत्म होगा।

- देर रात शहर का तापमान 18 डिग्री, माना में पहुंचा 15 डिग्री तक

दुर्ग सांसद बघेल से नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष सिंद्धात मिले

नवागढ़। नगर पंचायत नवागढ़ से नवनिर्वाचित अध्यक्ष सिद्धांत चौहान ने दुर्ग लोकसभा के क्षेत्र सांसद विजय बघेल से सौजन्य मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान सांसद ने भी उन्हें बधाई देते हुए नगर के विकास के लिए काम करने की बातें कही। इस दौरान सुरेश निषाद, जित्ते रजक, दानिराम जायसवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

भाजपा का सभी जिलों और कांग्रेस का 25 जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष बनाने का दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पूरे होने के बाद अब जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव पांच मार्च को होना है। ऐसे में भाजपा और कांग्रेस ने इसे लेकर अपना-अपना दावा किया है। जहां एक तरफ भाजपा का सभी जिलों में भाजपा के अध्यक्ष बनने का दावा है, वहीं कांग्रेस का कहना है, 25 जिलों में कांग्रेस के अध्यक्ष बन जाएंगे। पंचायत चुनाव राजनीति पार्टियों पर आधारित नहीं होते हैं।

वैसे जिला पंचायतों के लिए जो सदस्यों का चुनाव होता है, उसके लिए जरूर राजनीतिक पार्टियां अपने अधिकृत प्रत्याशी तय करती है, लेकिन इनको पार्टी का चुनाव चिन्ह नहीं मिलता। ऐसे में पार्टियों के इन प्रत्याशियों के जीतने के आधार पर पार्टियां दावा करती हैं। तीन चरणों में हुए चुनाव में भाजपा और कांग्रेस का अपना-अपना दावा सामने आया है। दोनों ही पार्टियां तीन चरणों में ज्यादा सीटें जीतने का दावा कर रही हैं। इसी के साथ जिलों में बहुमत को लेकर भी दोनों पार्टियां का अपना-अपना दावा है। यही नहीं, पंच और सरपंचों की जीत को लेकर भी दोनों पार्टियां यह दावा कर रही कि उनकी पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता ही ज्यादा जीते हैं।

सभी जिलों में 5 मार्च को होगा चुनाव



कांग्रेस का 18 जिलों में बहुमत का दावा

कांग्रेस संचार विभाग के सुशील आनंद शुक्ला का कहना है, कांग्रेस को 18 जिलों में बहुमत मिला है। सात जिलों में हम अन्य का साथ लेकर जिला अध्यक्ष बनाने की स्थिति में हैं। कुल मिलाकर कांग्रेस के 25 जिलों में जिलाध्यक्ष बन जाएंगे।

भाजपा का सभी जिलों में जीतने का दावा

पंचायत चुनाव के भाजपा के प्रदेश प्रभारी सौरभ सिंह का कहना है, पंचायत चुनाव में जिला पंचायतों के सदस्यों के चुनाव में भाजपा को 31 जिलों में बहुमत मिल गया है। ऐसे में 31 जिलों में तो भाजपा के जिलाध्यक्ष बनने तय हैं। इसी के साथ रायपुर और सुकमा में हम बराबरी पर हैं। इनमें भी हमारा प्रयास भाजपा के जिलाध्यक्ष बनाने का रहेगा। सभी स्थानों पर भाजपा के प्रत्याशी जिला अध्यक्षों का चुनाव लड़ेंगे और जीतकर आएंगे।

बंद और बीमार उद्योगों को भी मिलेगा सरकारी अनुदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति 2024-30 के तहत अब पात्र बंद एवं बीमार उद्योगों को भी अनुदान की पात्रता होगी। इस संबंध में वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने छत्तीसगढ़ उद्योग रोजगार अनुदान नियम 2024 बनाए हैं। खास बात ये है कि अनुदान के पात्र कर्मचारी दिव्यांग, सेवानिवृत्त अग्निवीर व आत्मसमर्पित नक्सली होंगे।

ये होगी पात्रता

नीति के तहत पात्र नवीन एवं विद्यमान उद्यम वाणिज्यक उत्पादन प्रारंभ करने के बाद ही अनुदान के लिए आवेदन कर सकते हैं। उद्यमों में कार्यरत अनुदान के पात्र कर्मचारी का कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ईपीएफओ में पंजीयन अनिवार्य होगा। नियमों के तगत अनुदान नीति में प्रवृत्त रहने की अवधि के रोजगार के संदर्भ में प्रदान की जाएगी, लेकिन नीति में प्रवृत्त रहने की अवधि में वाणिज्यक उत्पादन प्रारंभ करने वाले उद्यम को वाणिज्यक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक से पांच साल की अवधि तक इन नियमों के तहत अनुदान प्रदान किया जाएगा। 1 नवंबर 2024 के पहले जिन उद्योगों में अनुदान के लिए पात्र कर्मचारी को स्थायी रोजगार में रखा गया है उन्हे पात्रता नहीं होगी। लेकिन इस तिथि के ऐसे कर्मचारियों के संदर्भ में बढ़ाई गई स्थायी रोजगार की संख्या पर अनुदान की पात्रता होगी।

इतना रोजगार देना अनिवार्य होगा

नियम में कहा गया है कि उद्योगों में वाणिज्यक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक से न्यूनतम पांच साल या अंतिम अनुदान स्वीकृति दिना जो पश्चातवर्ती हो, तक इकाई द्वारा उत्पादनरत रहते हुए अकुशल-कुशल एवं प्रबंधकीय, प्रशासकीय वर्ग में न्यूनतम क्रमशः 100 प्रतिशत, 70 प्रतिशत, एवं 40 प्रतिशत रोजगार राज्य के मूल निवासियों को देना अनिवार्य होगा।

अनुदान की वसूली भी हो सकती है

नियम में ये भी कहा गया है कि यदि ये पाया जाता है कि कि उद्यम द्वारा कोई तथ्य छिपाए गए हैं या तथ्यों को गलत ठंग से प्रस्तुत किया गया है और गलत तरीक से अनुदान लिया गया है को अनुदान की पूरी राशि साढ़े 12 प्रतिशत प्रतिशत ब्याज सहित वसूली भू-राजस्व की बकाया की वसूली के अनुसार की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर 27,480 सदस्यों को भेजी गई सूचना

चैंबर चुनाव के लिए सदस्यों को डाक विभाग से अधिकृत सूचना, 5 मार्च को होगा प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के त्रैवार्षिक चुनाव को लेकर जहां व्यापारिक संगठनों में हलचल मची है, वहीं चैंबर के प्रदेशभर के 27,480 सदस्यों को चुनाव की अधिकृत सूचना डाक विभाग के माध्यम से भेजी गई। निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचंद्र गोलछा ने बताया कि चैंबर चुनाव 2025 की चुनाव प्रक्रिया के तहत 5 मार्च को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। 6 से 8 मार्च तक मतदाता सूची में त्रुटि सुधार के आवेदन सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक लिये जायेंगे। चैंबर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली के निर्देश अनुसार उनके हस्ताक्षर युक्त सूचना पत्र चैंबर के 27,480 सदस्यों को मुख्य डाकघर रायपुर के माध्यम से भेजने सौंपा गया। निर्वाचन अधिकारी प्रकाशंद्र गोलछा, अनिल कुचेरिया और चैंबर चुनाव कार्यालय प्रभारी शशिकांत गुप्ता की उपस्थिति में डिप्टी पोस्ट मास्टर दीपक वासनिक को यह सौंपा। चैंबर चुनाव में इस बार जय व्यापार पैनल और व्यापारी एकता पैनल के बीच मुकाबला है। प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष चुनने 10 चरण में प्रदेशभर में मतदान होंगे। इस बार के चैंबर चुनाव में जय व्यापार पैनल से प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए अमर पारवानी, महामंत्री पद के लिए अजय भसीन और कोषाध्यक्ष के लिए उत्तम गोलछा को प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा गया है। जबकि व्यापारी एकता पैनल ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। प्रत्याशियो के चयन और चैंबर चुनाव को लेकर व्यापारी एकता पैनल की अहम बैठक 28 फरवरी को शाम 4 बजे राजधानी के हॉटल आदित्य में रखी गई है। जिसमें व्यापारी एकता पैनल प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए पैनल से प्रत्याशी का ऐलान करेगी।

जिलेवार मतदान केन्द्र इस तरह से

- 14 अप्रैल दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़, सरस्वती शिशु मंदिर अंबिकापुर
- 15 अप्रेल मेनोनाइट हिन्दी हायर सेकंडरी स्कूल धमतरी, 16 अप्रैल को सरस्वती शिशु मंदिर लक्ष्मीपुर रायगढ़
- 20 और 21 अप्रैल अग्रसेन भवन सेक्टर 6 भिलाई
- 24 अप्रैल उदयाचल भवन राजनांदगांव, 27 अप्रैल झूलेलाल मंगल भवन बिलासपुर
- 3 मई गुजराती शाला भवन देवेन्द्र नगर रायपुर और 4 मई सरस्वती शिशु मंदिर देवेन्द्र नगर में मतदान होगा।

भूपेश ने दिल्ली में संभाला कांग्रेस महासचिव का पदभार

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने राष्ट्रीय महासचिव एवं पंजाब का प्रभारी बनाए जाने के बाद दिल्ली में एआईसीसी दफ्तर पहुंचकर कामकाज संभाल लिया है। कोटला मार्ग, नई दिल्ली में नवनिर्मित कांग्रेस मुख्यालय के चतुर्थ तल पर उनका कार्यालय स्थित है। इस दौरान राष्ट्रीय मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकसभा सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने उनसे मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता के तौर पर भूपेश ही एक मात्र नेता हैं, जिन्हें कमान दी गई है। आने वाले समय में पंजाब राज्य में विधानसभा चुनाव में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी

खबर संक्षेप

भारतीय पेंशनर मंच का अधिवेशन 2 को

रायपुर। भारतीय पेंशनर्स मंच का प्रांत स्तरीय प्रथम अधिवेशन 2 मार्च को महाराष्ट्र मंडल भवन चौबे कालोनी आयोजित है। प्रातः 11 बजे से अधिवेशन की शुरुआत होगी। रायपुर में आयोजित इस प्रथम अधिवेशन की अध्यक्षता वी.एस यादव, संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय पेंशनर्स मंच करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले शामिल होंगे।

निधन

सावित्री देवी अग्रवाल

डौंडी। डौंडी निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश अग्रवाल की 87 वर्षीय माता श्रीमती सावित्री देवी अग्रवाल का निधन आज सुबह 10:30 बजे निवास स्थान में हो गया। वे कुछ माह से अस्वस्थ थी, जिनका अंतिम संस्कार दोपहर 4 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे जयचंद अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल की माता और नीतीश अग्रवाल, निखिल अग्रवाल की दादी थीं ।

निरीक्षण

रोजगार सहायक व आवास मित्र को हितग्राहियों की मदद करने निर्देशित किया

पीएम आवास योजना के हितग्राहियों से मिलने धनगांव पहुंचे जिपं सीईओ कन्नौजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा/बालोद

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों का औचक निरीक्षण करने जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे समीप के ग्राम पंचायत धनगांव पहुंचे। जहां हितग्राही लगनी बाई से रूबरू होकर प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने का कारण पूछा तो बताया कि पारिवारिक समस्या के चलते कार्य में विलंब हुआ है।

इस बात को सुनते ही जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने रोजगार सहायक व आवास मित्र को हितग्राही की मदद करने तथा सतत निगरानी करने निर्देशित किया। हितग्राही खोरबाहरा ने जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे को अपने घर पाकर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अतका बड़े साहब मन हर मोर गरीब के कुटिया में आ के धन्य कर देव साहब। मेहर आप मनके का सेवा करों। इस बात को सुनकर जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने उनकी सहजता को देखकर कहा कि अब आप गरीब नहीं हो, आपका भी पक्का मकान होगा, सेवा करना चाहते हैं तो इस मकान को आप जल्दी बना लीजिए, इसी को हम अपनी सेवा समझेंगे।

हितग्राही खोरबाहरा राम ने खुशी व्यक्त करते हुए 15 दिन के अंदर प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य को छज्जा स्तर पर पहुंचाने का भरोसा दिलाया। इसी प्रकार लक्ष्मी बाई तथा तार सिंह के आवास निर्माण का भी निरीक्षण कर जल्दी पूर्ण करने कहा। सभी ने हामी भरते हुए बहुत जल्दी आवास को पूर्ण करने का भरोसा दिलाया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद डॉ. संजय कन्नौजे ने संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए ग्रामीणों तथा हितग्राहियों से सतत संपर्क में रहकर तीनों स्तर का जिओ टैग कर उन्हें प्रोत्साहित करते हुए भुगतान कराने कहा। डॉ. कन्नौजे ने भ्रमण के दौरान हितग्राहियों के साथ छत्तीसगढ़ी में बात बातचीत करते हुए उनके पारिवारिक हाल-चाल जानने का प्रयास किया। सभी लाभान्वित हितग्राहियों ने शासन के प्रति प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बहुत ही जल्दी प्रधानमंत्री आवास निर्माण को पूर्ण करने का भरोसा दिलाया। जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने जनपद पंचायत सीईओ पंकज देव को विकासखंड में शत प्रतिशत प्रधानमंत्री आवास योजना को पूर्ण कराने नोडल अधिकारी नियुक्त कर लगातार समीक्षा बैठक आयोजित कर संबंधित को निर्देशित करने कहा।

शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के हितग्राहियों से सतत संपर्क में रहकर कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराने कहा। सीईओ जनपद पंचायत डौंडीलोहारा पंकज देव ने 120 ग्राम पंचायत को अलग अलग सेक्टरों में विभाजित कर कार्यों की प्रगति रिपोर्ट तैयार करने जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के अमला को निर्देशित किया।

सेक्टरवार अधिकारी कर्मचारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

इस दौरा कार्यक्रम में आरईएस के अभियंता धनश्याम सिंह मार्कण्डे, एसबीएम के जिला समन्वयक प्रवीण कुमार ठाकुर, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी केके नायक, पीएम आवास योजना जिला समन्वयक प्रभात साहू, विकासखंड समन्वयक पूनम ताम्रकार, तकनीकी सहायक उमेश कुमार नायक, सब इंजीनियर हुलास राम साहू, एसबीएम के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा सहित संबंधित कर्मचारी उपस्थित थे। जनपद सीईओ पंकज देव ने बताया कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना को पूर्ण कराने हमारे द्वारा सेक्टर वार अधिकारी कर्मचारियों को जिम्मेदारी दे दी गई है। आज से ही जनपद पंचायत डौंडीलोहारा का अमला सतत निगरानी करने तथा हितग्राहियों को सहयोग करने दौरे में निकल चुके हैं। प्रत्येक सप्ताह निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक होगी।बहुत ही जल्दी आवास को पूर्ण कराकर गृह प्रवेश करा लिया जावेगा।

कलेक्टर ने महिला स्व सहायता समूह द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल, मशरूम उत्पादन कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज जिले के डौण्डी विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम कोटागांव में पहुँचे। जहाँ उन्होंने देवांगन सामुदायिक भवन में नवदीप महिला स्व सहायता समूह के महिलाओं द्वारा निर्मित किए जा रहे हर्बल गुलाल निर्माण व कोटागांव में ही किए जा रहे मशरूम उत्पादन कार्य का भी अवलोकन किया।

हर्बल गुलाल निर्माण प्रक्रिया की ली जानकारी : चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित नवदीप स्व सहायता समूह कोटागांव के अध्यक्ष प्रेमवती देवांगन एवं कुसुम सिन्हा सहित स्व सहायता समूह की अन्य महिलाओं से हर्बल गुलाल के निर्माण कार्य के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि उनके द्वारा पलाश, गैंदा, पालक एवं चुकंदर के मिश्रण से निर्मित किए जा रहे इस बेहतरीन सुगंधित गुलाल निर्माण कार्य की सराहना की। चन्द्रवाल ने स्वसहायता समूह के महिलाओं से इस हर्बल गुलाल की बिक्री हेतु मार्केटिंग व्यवस्था के अलावा इसकी कुल लागत एवं आमदनी आदि के संबंध में जानकारी ली। स्वसहायता समूह की महिलाओं ने बताया उनके द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल एवं अन्य उत्पादों का प्रदर्शन पिछले वर्ष जगदलपुर में आयोजित सरस मेला में भी किया गया है। उन्होंने बताया कि उनके स्व सहायता समूह के द्वारा हर्बल गुलाल के अलावा दीवाली सीजन में दीया एवं राखी के सीजन में राखी के निर्माण के अलावा मशरूम उत्पादन का कार्य भी किया जाता है।

इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने नवदीप स्व सहायता समूह कोटागांव की महिलाओं के द्वारा ठाकुर पारा कोटागांव में किए जा रहे मशरूम उत्पादन कार्य का भी अवलोकन किया। चन्द्रवाल ने स्व सहायता समूह की अध्यक्ष से मशरूम उत्पादन कार्य के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

गुरूर में चला फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा के भैया बहिनों को फाइलेरिया एवं कृमिनाशक दवा खिलाई गई। इस दौरान प्रधानाचार्य फलदेव साहू ने भैया बहिनों को दवाई खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। फाइलेरिया रोग व पेट में होने वाले कृमि के संबंध में सुखीत राम कलिहारी वरिष्ठ आचार्य ने विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

■ स्कूली बच्चों को दी गई कृमिनाशक गोलियां

स्वच्छता पर दें विशेष ध्यान

डॉक्टर भुवन साहू ने बताया कि फाइलेरिया रोग मादा क्यूलेक्स नामक मच्छर के काटने से होता है। इससे बचाव के लिए हम अपने घर व आसपास को स्वच्छ रखें। कहीं भी पानी इकट्ठा न होने दे। खाना खाने से पहले एवं शौच के बाद हाथ पैर को साबुन से अच्छी तरह धोए। हाथ व पैर के नाखून को ज्यादा बढ़ने न दे। कार्यक्रम में आचार्य परिवार सुखित राम कलिहारी, छबिलता पटेल, टुमेश्वरी पटेल, रंजना सिन्हा, चित्तेश्वरी साहू, लिलेश्वरी साहू, कामता प्रसाद साहू, मनोहर कुमार साहू ने सहयोग प्रदान किया। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी अनुसार 27 फरवरी से 2 मार्च तक सभी स्कूली बच्चों को दवा खिलाई जाएगी एवं 3 मार्च से 13 मार्च तक मितानिनों द्वारा घर–घर जाकर छुटे हुए लोगो को फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी।

जिनवाणी ही जगत के जीवों को है तिराने वाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासन प्रभावक, मधुरभाषी श्री जिनपीयूषसागर सूरीश्वर जी मसा के प्रशिष्य रत्न अध्यात्म योगी उपाध्याय प्रवर श्री महेन्द्रसागर जी म.सा युवा मनीषी उपाध्याय प्रवर प.पू.श्री मनीषसागर जी म. सा. के सुशिष्य. श्रीप्रसन्नसागर जी मसा ने गुरुवार को नगर के जैन उपाश्रय प्रांगण के सभागार में अपने दिव्य व आध्यात्मिक प्रवचनों की श्रृंखला में शामिल होने पहुंचे। उन्होंने कहा कि जिनवाणी का श्रवण क्यों करते हैं या क्यों करना चाहिए तो निश्चित ही यह उत्तर प्राप्त होगा कि यह परमात्मा की वाणी यानि जिनवाणी ही जगत के जीवों को तिराने वाली है भव से पार लगाने वाली है व आत्मा को सुखी बनाने वाली है। संतश्री ने कहा कि सुख क्या है या सुख की परिभाषा क्या है।

विभिन्न लोगों के लिए सुख की परिभाषा विभिन्न हो सकती है, लेकिन सही परिभाषा यह है कि जिसको पाने के बाद कुछ भी पाने की चाह न बचे या जिसको कर लेने के बाद और कुछ न करना पड़े। वह है शाश्वत सुख यानि मोक्ष का सुख जहां पर जाने के बाद और किसी भी चीज की इच्छा ही नहीं होती है वहां पर परम सूख ही सुख है। वहीं संसार के अंदर सांसारिक सुखों की प्राप्ति के लिए निरन्तर प्रयास करने पड़ते हैं। आज जो कार्य किया वह कल पुनः करना पड़ता है और यह प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। दुकान के कार्य हो या किचन के कार्य। दोनों में ऐसा नहीं है कि आज किया व कल नहीं करना पड़ेगा। निश्चित ही दोनों कार्यों को पुनः अगले दिन करना ही होगा। परन्तु तीर्थंकर परमात्मा ने ऐसा कुछ कार्य किया कि वापिस कुछ भी करना नही पड़ेगा और वे सुखी व संतुष्ट हो गए। संसार के सुख को पाने के लिए मेहनत भी खूब करनी पड़ रही है पर वह सुख टिक नहीं रही है।

मुनिश्री जी ने कहा कि चिंतन करें कि ऐसा क्या करना चाहिए ऐसा क्या पुरुसार्थ जागृत हो कि मिलने वाला सुख स्थायी हो।वह कार्य तीर्थंकर परमात्मा ने किया वह पुरुसार्थ किया कि वे शाश्वत सुखों को प्राप्त हुए। मुनिश्री ने कहा कि तीर्थंकर परमात्मा श्री शांतिनाथजी, श्री कुंथुनाथजी व श्री अरनाथजी ये पहले चक्रवर्ती थे, छः खण्ड के अधिपति थे। इन्होंने उस छः खण्ड के मोह को त्याग दिया और सुखी बन गए।

■ दिव्य व आध्यात्मिक प्रवचनों में शामिल होने पहुंचे श्रीप्रसन्नसागर जी मसा



खबर संक्षेप

नवनिर्वाचित सरपंच ने निकाली आभार रैली

अंडा। ग्राम ओटेबंद के नवनिर्वाचित सरपंच जीवन साहू ने आभार रैली निकाली, उन्होंने अपने गांव में पुरे गाजे-बाजे व डीजे के साथ सभी ग्रामीणों से आशीर्वाद लिया और कहा कि भाजपा सरकार के सभी योजनाओं का लाभ मिलेगा। इस दौरान मौके पर जनपद सदस्य पुरषोत्तम चंद्राकर पंच पुखराज निर्मलकर, दुजराम साहू, यतेंद्र चंद्राकर, गोपाल साहू, खूबे साहू, अनुसाईया देशमुख ,एवं गांव के उत्तम साहू, दीनदयाल साहू, देवधर साहू, केदार साहू, अनुप साहू, भाऊ सिंग साहू, कमलकिशोर साहू, कुलेश्वर साहू, गांव के अन्य लोग उपथित थे।

श्री कृष्ण जन्म की निकाली गई आकर्षक झांकी

लाटाबोड़। शुक्रवार को श्रीमद भागवत कथा का पंचम दिवस ग्राम नेवारी कला में पूज्या देवी गीतांजलि शर्मा (गौरैय्या धाम चौरेल) के श्रीमुख से गजेंद्र मोक्ष की कथा, वामन अवतार की कथा के साथ आकर्षक झांकी निकलते हुए भगवान श्री कृष्ण जी के जन्म क़े साथ शंध्या कालीन महाआरती के साथ कथा विश्राम किया। गीतांजलि शर्मा ने कहा की सम्पूर्ण कथा का सीधा प्रसारण you tub के माध्यम से हो रहा है जिसे घर बैठे देख सकते हैं।

चाकू लेकर लोगों को डराने वाला पकड़ाया

भिलाई। लोगों को चाकू लेकर डराने धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी अजय सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बाम्बे आवास उरला दुर्ग निवासी दीपक बघेल को पकड़ा गया। आरोपी धमधा रोड सब्जी मंडी दुर्ग में धारदार चाकू रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था। पेट्रोलिंग पार्टी पहुंचने पर युवक को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के पास से प्रतिबंधित आकर के धारदार बटनदार स्टील का चाकू जब्त किया है। कार्रवाई में मोहन नगर प्रभारी निरीक्षक शिव प्रसाद चंद्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

युवक की डूबने से मौत, मर्ग कायम

भिलाई। दोस्तों के साथ नहाने गए युवक का महामरा नदी में डूबने से मौत हो गई है। सूचना पर गोताखोरो और पुलिस मौके पर पहुंची शव को बाहर निकाला गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक गया नगर दुर्ग निवासी यश निर्मलकर अपने दोस्तों के साथ नहाने महामरा एनीकेट गया हुआ था। नदी में अचानक डूब गया। घटना की सूचना परिजनों को दी गई।

आयोजन

सात दिवसीय समारोह का भव्य आयोजन

89वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती पर चैतन्य झांकी और बाइक रैली निकाली तथा अध्यात्मिक संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वाधान में 89वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव समारोह का सात दिवसीय आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। जिसमें गांव–गांव से बालोद के हजारों भाई–बहनों को शिव संदेश एवं जीवन जीने की श्रेष्ठ कला का ज्ञान दिया गया। क्षेत्र में चैतन्य झांकी एवं बाइक रैली निकाली गई, जिसमें विभिन्न मेले एवं सम्मेलन में दीदीयों के द्वारा परमात्मा शिव का संदेश दिया गया। इसके साथ–साथ बालोद एवं अन्य स्थानों के प्रतिष्ठित भाई एवं बहनों की भी ईश्वरीय सेवा की गई। साथ–साथ नशामुक्त की भी प्रतिज्ञा कराई गई। जिसमें नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य तोमन साहू, वार्ड नं. 2 के पार्षद कमलेश सोनी, महेश पाठक, वार्ड नं. 14 के पार्षद आशा बहन उपस्थित रहे।

शिव का संदेश

ब्रह्माकुमारीज की संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि अभी वह समय चल रहा है जहां परमात्मा शिव जिन्हें स्वयंभू भी कहते है, स्वयं इस धरा पर आते है और इस कलियुगी दुख भरी दुनिया को स्वर्णिम दुनिया बना रहे है, अतः हम भी पुरूषार्थ कर ऐसी दुनिया में चलें जहां सुख, शांति और प्यार हो। बीके. सरिता दीदी ने कहा कि शिव के अवतरण का समय धर्म ग्लानि का समय है। धर्म ग्लानि कोई हिन्दू–मुस्लिम, सिक्ख ईसाई के बीच की बात नहीं है अपितु आत्मा अपने स्वधर्म से भटक चुकी है अर्थात खुशी, प्रेम, आनंद, पवित्रता जो आत्मा का स्वधर्म है वह छूटता जा रहा है परमात्मा आकर आत्मा को अपना स्वधर्म याद दिलाकर धारण करते है। बी.के. नेहा बहन ने कहा कि शिवरात्रि में जो हम व्रत र,खते है, उसके साथ– साथ हम अज्ञान नींद से जागरण का व्रत रखें। अपने मन में –ढ़ संकल्प का दीप जलाने का व्रत रखें। अपने मन में खुशी का डांस करते रहने का व्रत रखें। जब हम ऐसा व्रत रखेंगे तो हम सच्चे मायने में शिवरात्रि मना सकेंगे।

शिव मंदिर और बाघमरा में आध्यात्मिक राज योग प्रदर्शनी शुरू

गुण्डरदेही। महाशिवरात्रि पर ब्रह्माकुमारीज शिव दर्शन भवन गुण्डरदेही द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत शिव मंदिर रेलवे स्टेशन एवं बाघमरा में आध्यात्मिक राज योग प्रदर्शनी लगायी गई। अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, पूर्व अध्यक्ष कमल सोनकर, पार्षद पोषण लाल निषाद, पूर्व पार्षद केशव राम साहू उपस्थित हुए। राजयोगी शिक्षिका रूपाली बहन ने महाशिवरात्रि के रहस्य के बारे में बताया कि घोर कलयुगी रूपी रात्रि में जहां सारे संसार के अंदर अज्ञानता का अंधकार छाया हुआ है, इस समय निराकार रूप में परमात्मा शिव का अवतरण होता है, जो हमारे बुद्धि रूपी कलश में ज्ञान की बूंद टपकते हैं, जिससे कलश स्वच्छ व दिव्या बनता है जिससे हमारा जागरण होता है। इसमें पहले ज्ञान के बूंद कि मैं शरीर नहीं बल्कि लोक व्यवहार निभाने वाला चैतन्य आत्मा हूं। स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन होगा

यही जागरण है। नकारात्मक विचारों को छोड़कर सकारात्मक विचार द्वारा सतयुग की दुनिया स्थापित कर सकते हैं और भी लोगों को लाभ दिलाने के लिए 27 फरवरी से 3 मार्च तक शिव दर्शन भवन में राजयोग शिविर आयोजित किया जा रहा है।

महाशिवरात्रि पर आदिवासी समाज ने निकाली शोभायात्रा

गुण्डरदेही। ग्राम साजा में महाशिवरात्रि पर बूढ़ादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर आदिवासी समाज के लोगों द्वारा बाजा गाजा के साथ गली भ्रमण करते हुए शोभा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी, जनपद सदस्य रोहित निर्मलकर, जनपद सदस्य हेमपुष्पा साहू, गुलशन कुमार साहू, मण्डल अध्यक्ष युवराज मार्कण्डेय, सेवा सहकारी अध्यक्ष देवेन्द्र यदु, लक्ष्मीनाथ ठाकुर, प्रतापभान यदु उपस्थित थे। मुख्य थानसिंह मंडावी ने कहा कि माता पार्वती एवं शिवजी के विवाह पर महाशिवरात्रि पर्व बड़ी धूम धाम से देशभर में मनायी जाती है। इस दिन व्रत किया जाता है और शिवजी के साथ गौरा यानी कि मां पार्वती की पूजा होती है। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत साजा के नव निर्वाचित पंचों एवं जनपद सदस्यों का आदिवासी रीति रिवाज के साथ चावल का पीला टीका लगाकर पगड़ी बांध कर सम्मान किया गया। समाज के लोगों ने भंडारा का आयोजन कर प्रसाद बांटी। कार्यक्रम में प्रशांत कुमार साहू, लाभेंद्र सिन्हा, राकेश कुमार साहू, धनेश्वर साहू, रोहिल सेन, लोमेश्वरी ठाकुर, चंदा ठाकुर, संजना ढिमर, भुनेश्वरी सेन, सुनिता साहू, शान्ति साहू, भुषण लाल साहू, भागीरथी साहू, ओमप्रकाश ठाकुर, महावीर ठाकुर, सूर्या ठाकुर, भारती ठाकुर, पुष्पा ठाकुर दीपक ठाकुर, जागेश्वरी साहू, पुराणिक साहू, लोकेश साहू, नोहर राम साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

महाशिवरात्रि पर हुआ शिवजलाभिषेक और सम्मान समारोह

गुण्डरदेही। महाशिवरात्रि पर बुधवार को तहसील साहू समाज गुण्डरदेही द्वारा खरीदे गए 9 डिसमिल जमीन का भूमिपूजन, शिवजलाभिषेक एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक विरेंद्र कुमार साहू, तहसील अध्यक्ष डॉ. मानसिंह सार्वा, सुचित्र साहू, भीखम राम साहू टोमन लाल साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम में भूमिपूजन, शिव जलाभिषेक, पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं दानदाताओं का सम्मान किया गया। विश्व गायत्री परिवार गुण्डरदेही के परिजन विमल साहू, गोपाल साहू, ओमप्रकाश साहू एवं किशन लाल साहू तथा साथी टीम द्वारा संगीतमय वातावरण में भूमिपूजन, शिव जलाभिषेक एवं यज्ञ के साथ पारिवारिक, सामाजिक एवं सांसारिक वातावरण को परिषकृत बनाए रखने के लिए पौधारोपण, नशामुक्त अभियान, व्यक्ति के चरित्र निर्माण पर विशेष रूप से फोकस किया गया। तहसील साहू संघ के उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने बताया कि हमारे तहसील के प्रत्येक ग्राम से स्वजातीय सामाजिक भाइयों ने अपने अथक परिश्रम से कमाए धन का कुछ अंशदान समाज को समर्पित करते हुए बहुत बड़े कार्य के रूप में बहुमूल्य जमीन की खरीदी किए हैं, जो कि बहुत ही सराहनीय है।

- नगर में 9 डिसमिल जमीन पर होगा शंकरजी के मंदिर का निर्माण, भूमिपूजन हुआ

तहसील अध्यक्ष डॉ. मानसिंह सार्वा ने कहा कि हमारे समाज के व्यक्तियों के मार्गदर्शन में सामाजिक व्यक्तियों के जीवन स्तर को उठाने के लिए पिछले दो वर्षों से बहुआयामी गतिविधियों के माध्यम से हस्तशिल्प प्रशिक्षण, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग क्लास, कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजन एवं विवाह एवं पुनर्विवाह योग्य युवक युवतियों का काउंसिलिंग कार्यक्रम इत्यादि आयोजन कर समाज को नई मार्ग प्रशस्त किया जा रहा है। सचिव राजेंद्र साहू ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जीत कर आए सामाजिक सरपंच, जनपद सदस्य का भी मंच के माध्यम से सम्मान किया गया।

इनका हुआ सम्मान

नव निर्वाचित जनपद सदस्य वंदना राजेंद्र हिरवानी मुंदेरा, कौशल सुरेश साहू भाठागांव, गुलशन साहू अर्जुनी, हेमपुष्पा साहू कचांदूर, पूर्णिमा साहू सतमरा व सरपंच माधुरी साहू भेंडरा,कुमुदनी डामन साहू बेलौदी, लेखराम साहू भोथीपार, डीलेशवर साहू किलेपार, सत्यवती परसदा, हेमंत साहू अर्जुनी व सरपंचों का सम्मान हुआ।कार्यक्रम में तहसील पदाधिकारी उपाध्यक्ष केश्वरी साहू, कोषाध्यक्ष दिलीप कुत्हारे, सयुक्त सचिव जेपी. साहू, वीरेंद्र साहू, चंद्रकांत साहू, लोकेश साहू, टीकम सिंह साहू, विक्रम साहू सहित परिक्षेत्रीय अध्यक्षगण कल्याण साहू, जेआर साहू, कुलेश्वर साहू, हरदेल सार्वा, पंच राम साहू, रवि कुमार साहू, ललित साहू, भागवत राम साहू, तुलसी साहू, सेवक राम साहू व समस्त ग्रामीण अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने किया आदिवासी बुनकर सहकारी समिति का निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने अपने डौण्डी प्रवास के दौरान आज ग्राम चिपरा के आदिवासी बुनकर सहकारी समिति का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आदिवासी बुनकर सहकारी समिति के पदाधिकारियों से समिति के कार्यकलापों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। चन्द्रवाल ने आदिवासी बुनकर सहकारी समिति के सदस्यों के मांग पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आदिवासी बुनकर सहकारी समिति के भवन में शौचालय निर्माण कराने के निर्देश दिए।

- कलेक्टर ने सीईओ को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

इसके अलावा उन्होंने आदिवासी बुनकर सहकारी समिति के भवन के सीपेज रोकने हेतु भी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। चन्द्रवाल ने समिति के सदस्यों के मांग पर मुख्य मार्ग से आदिवासी बुनकर सहकारी समिति चिपरा तक सुगम यातायात की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। चन्द्रवाल ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को मुख्य मार्ग से आदिवासी बुनकर सहकारी समिति भवन तक मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत मार्ग निर्माण हेतु इसका परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने ली हर दिन के क्रियाकलाप की जानकारी

इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने आदिवासी बुनकर सहकारी समिति के सदस्यों से उनके समिति में प्रतिदिन कपड़ों के कुल उत्पादन, इसकी लागत राशि एवं इसकी बिक्री से होने वाले लाभ के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने यहाँ पर काम करने वाले लोगों के लिए प्रशिक्षण एवं मार्केटिंग व्यवस्था आदि के संबंध में भी जानकारी ली। आदिवासी बुनकर सहकारी समिति के उपाध्यक्ष निजाम सिंह कोसमा ने कलेक्टर चन्द्रवाल को उनके बुनकर सहकारी समिति में प्रतिमाह लगभग 5 हजार मीटर कपड़े के उत्पादन होने की जानकारी दी।

इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने आदिवासी बुनकर सहकारी समिति के भवन में कपड़े बुनाई के कार्य का भी अवलोकन किया। इस दौरान चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित आदिवासी बुनकर सहकारी समिति के महिला सदस्यों से प्रतिमाह होने वाले आमदनी के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर चन्द्रवाल ने आदिवासी बुनकर सहकारी समिति के स्टोर रूम का भी अवलोकन किया। उन्होंने आदिवासी बुनकर सहकारी समिति चिपरा के सदस्यों को बेहतर कार्य करने के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दी।

कलेक्टर ने किया भिर्रा सफाई, मिट्टी गुड़ाई एवं कंटूर ट्रेंच निर्माण कार्य का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के वन परिक्षेत्र डौण्डी के अंतर्गत कोटागांव से लगे भूरकाभाट के समीपस्थ जंगल के कक्ष क्रमांक 152 आरएफ में किए गए बांस उत्पादन कार्य के अलावा बांस भिर्रा सफाई, मिट्टी गुड़ाई एवं कंटूर ट्रेंच निर्माण कार्य का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी ली। मौके पर उपस्थित रेंज अधिकारी जीवन लाल भोंडेकर ने बताया कि प्राकृतिक बांस का पौधा 4 वर्ष में एवं वर्तमान में रोपा जा रहा बांस पौधा 10 साल में परिपक्व हो जाता है। इसके पश्चात इसकी छटाई कर बांस को वन विभाग के डीपो में संग्रहित किया जाता है। इस दौरान रेंज अधिकारी के द्वारा कलेक्टर चन्द्रवाल को बांस पौधे के रोपण से लेकर उसके बाल्यावस्था एवं परिपक्व होने तक के विभिन्न प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

कम्पोस्ट निर्माण कार्य का भी अलवोकनः भोंडेकर ने इस वर्ष अवारी रोपणी में 85 हजार पौधे उत्पादन करने का लक्ष्य मिलने की भी जानकारी दी। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने रोपणी में तैयार किए गए चंदन, साजा, नीलगिरी, मुसली आदि पौधों का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने अवारी रोपणी में वन प्रबंधन समिति मरकाटोला द्वारा निर्माण किए जा रहे वर्मएँ कम्पोस्ट निर्माण कार्य का भी अलवोकन किया। इस मौके पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

अवारी पहुंचे कलेक्टर, रोपणी का किया निरीक्षण

इसके पश्चात कलेक्टर चन्द्रवाल ने ग्राम अवारी पहुँचकर वन विभाग के रोपणी का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अवारी रोपणी में किए जा रहे कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। चन्द्रवाल ने रोपणी में तैयार किए गए विभिन्न प्रजातियों के पौधों का भी अवलोकन किया। मौके पर उपस्थित रेंज अधिकारी जीवन लाल भोंडेकर ने बताया कि अवारी के इस रोपणी में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत निःशुल्क पौधा रोपण हेतु 50 हजार पौधा उत्पादन करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' एवं जिले में सघन वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत अवारी रोपणी से पौधा प्रदान किया गया था।

शिक्षिका को शिक्षा गौरव अलंकरण मिलने पर ग्रामीणों ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय प्राथमिक शाला रानाखुज्जी में कार्यरत शिक्षिका रंजीत देवांगन को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण प्राप्त होने पर संकुल रानाखुज्जी के संकुल समन्वयक भागवत इंदौरिया, प्रधान पाठक बलराम सोनकर, माधुरी निषाद, शिक्षिका आरती दुबे, नीता मानिकपुरी, सरपंच पोषण बाई तारम शाला विकास समिति के अध्यक्ष गीता साहू, कौशिल्या साहू, खूबलाल साहू, सुमन साहू, पार्वती एवं गणमान्य नागरिकों ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।